भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1241
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**सोनभद्र जिले में पर्यटन सुविधाओं का विकास**

**1241. श्री छोटेलाल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सोनभद्र जिले जो रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, में किन्हीं विशेष पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): सोनभद्र जिले में स्थित गंतव्य सहित किसी भी गंतव्य पर पर्यटन सुविधाओं का विकास, मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', एसडी 2.0 की एक उप-योजना- 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए भी राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

वर्तमान में उपर्युक्त योजनाओं के तहत सोनभद्र जिले में परियोजनाओं की मंजूरी के लिए कोई नया प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री छोटेलाल द्वारा सोनभद्र जिले में पर्यटन सुविधाओं के विकास के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1241 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**(i) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2. | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)- प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 5. | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 6. | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**(ii) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 2. | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 |

**(iii) उत्तर प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी*)* योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **श्रेणी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास | संस्कृति एवं विरासत | 24.98 |

**(iv) उत्तर प्रदेश राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | जिला आगरा में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 2. | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |

**(v) उत्तर प्रदेश राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| 2. | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 |
| 3. | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| 4. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 5. | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 |
| 6. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |

**(vi) उत्तर प्रदेश राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएटीआईडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप में सारनाथ चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मान महल)। | 28-02-2015 | 5.12 |
| 2. | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था-उत्तर प्रदेश-<br>1. दशाश्वमेधघाट से दरबंगाघाट (300 मीटर का विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 21-12-2017 | 2.94 |
| 3. | रायबरेली रेलवे स्टेशन | 30-07-2013 | 4.44 |
| 4. | आगरा कैंट रेलवे स्टेशन | 30-07-2013 | 5.05 |

*****